## खबर संक्षेप

### किया जाएगा राम कथा और यज्ञ का आयोजन

**आमला।** नगर के गणेश कॉलोनी में मकरसक्रान्ति व चिंतामण बाबा कि ग्यारवहीं वर्षगांठ पर श्री राम कथा व चंडी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलेगा। समिति के सदस्य ने बताया कि हमारे द्वारा प्रतिवर्ष यह पर हर साल भागवत कथा व अन्य आयोजन किए जाते हैं।इस साल भी हमारी समिति की ओर से बड़े आयोजन किए जाएंगे। श्री राम कथा में 10 दिन अन्य कार्यक्रम भी होंगे जिसमे पहले खाटू श्याम जी का भजन,दादा जी धूनीवाले का ईक्का, सुंदर कांठ, गरबा,रामलीला की झांकी,माँ गायत्री का दीप यज्ञ,हनुमान चालीसा पाठ, और भव्य जागरण शामिल हैं। जिसमे चंडी यज्ञ प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। यह कथा भागवत भृमहर आचार्य राहुल कृष्ण व्रन्दावन वाले के मुखारबिंद से सम्पन्न होगा।

### स्कूल में किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**शाहपुर।** शुक्रवार को शाहपुर मुख्यालय से लगभग 45 किमी दूर स्थित ग्राम हायर सेकंडरी स्कूल ढोडरामऊ में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इसके उपलक्ष्य में प्राचार्य बारस्कर ने बताया कि सूर्य नमस्कार से बच्चों को स्वास्थ लाभ होता है। सूर्य नमस्कार जरूर करना चाहिए। जिससे शरीर का संतुलन हमेशा बना रहता है। सूर्य नमस्कार बहुत जरूरी शरीर के लिए महत्वपूर्ण योग होता है। सूर्य नमस्कार पूर्ण होने के बाद सभी को अंकुरित आहार भी दिया गया। सूर्य नमस्कार को करने से सभी प्रसन्न हुए। प्रतिदिन योग करने की बात भी कही।

### शिक्षकों को दिया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**शाहपुर।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र के नियम अनुसार विकासखंड शाहपुर के जनपद शिक्षा केंद्र शाहपुर में माध्यमिक शिक्षको का पांच दिवस का प्रशिक्षण चल रहा है । प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर शाहपुर बरखा सिंघारे से जब हमारी बात हुई तो उनके द्वारा बताया गया है की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।इस प्रशिक्षण के अंतर्गत नई-नई शिक्षा की तकनीक शिक्षकों को बताई जा रही है। जिससे कि शाला में बच्चों को और अधिक रोचक ढंग से और उनकी झिझक दूर करके उन्हें और अच्छे से पढ़ाई के तरीके बताए जा सके ।और बच्चे भय मुक्त वातावरण में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके । जनपद शिक्षा केंद्र के बीएससी सुनील कुमार जोठे के द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण दो कमरों में चल रहा है ।और 40-40 शिक्षक एक-एक कमरे में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण माध्यमिक शिक्षको को दिया जा रहा है। और यह प्रशिक्षण 8 जनवरी 2024 से प्रारंभ है और 12 जनवरी 2024 तक प्रशिक्षण का पहला बेच चल रहा है। यह प्रशिक्षण चार चरणों में होगा। अगले प्रशिक्षण का 16 जनवरी से प्रारंभ होगा। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को अच्छी शिक्षा के तरीके प्राप्त होंगे। और इसका प्रयोग स्कूल में गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तरीके माध्यमिक शिक्षकों को बताई जा रहे हैं। और इसका फायदा भी बच्चों को अधिक से अधिक मिलेगा।

### संयुक्त संचालक ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**बैतूल।** संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास संभाग नर्मदापुरम एचके शर्मा ने परियोजना बैतूल शहरी के आगंनवाड़ी केन्द्रो मालवीय वार्ड केन्द्र भाग 1,2 और 3, तथा शिवाजीवार्ड की आगंनवाड़ी केन्द्र भाग 1 व 2 का औचक निरीक्षण किया गया। श्री शर्मा द्वारा शारीरिक माप दिवस के द्वितीय दिवस में बच्चो का वजन उंचाई लेकर सत्यापन किया गया। उन्होने भोजन-नाश्ते की गुणवत्ता और बच्चो के लिए प्राप्त आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता की जांच की। साथ ही आगंनवाड़ी कार्यकर्ताओ को आवश्यक समझाईश दी। इसके पश्चात एचके शर्मा द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं वनस्टाप सेन्टर का भी निरिक्षण किया। महिला सशक्तिकरण सप्ताह 10 से 15 जनवरी के अन्तर्गत जिला अस्पताल में जन्मी बालिकाओ के पालको को बालिका जन्म के महत्व से अवगत करात हुए बेबी किट उपहार स्वरूप भेंट किए।

---

### 50 सूत्रीय मुलतापी घोषणा पत्र पारित, किसान नेताओं का किया सम्मान

# मुलताई गोली कांड की बरसी पर 26वां शहीद किसान स्मृति सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलताई

मुलताई गोली कांड की 26 वी बरसी पर किसान संघर्ष समिति द्वारा 26 वां शहीद किसान स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। 12 जनवरी 1998 को मुलताई गोली चालन शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि दी गई इसके साथ ही वरिष्ठ नत्थू डडोरे ग्राम परमंडल की अध्यक्षता में 26 व शाहिद किस स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया । सम्मेलन में शहीद किसानों के परिजनों के साथ-साथ किसान संघर्ष समिति के 70 वर्ष से अधिक आयु के 15 किसान नेताओं को सम्मानित किया गया।

सम्मेलन में 50 सूत्रीय मुलतापी घोषणा पत्र जारी किया गया। सम्मेलन में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सम्मेलन में 26 जनवरी के ट्रैक्टर मार्च तथा दिल्ली कूच के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की कानूनी गारंटी लागू करने, सभी किसानों का सम्पूर्ण कर्जा






माफी, प्रत्येक किसान परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी उपलब्ध कराने, कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने की माँग की गई। सम्मेलन में मणिपुर हिंसा को समाप्त करने, फिलिस्तीन पर हमला करने वाले राष्ट्रों के प्रमुखों पर युद्ध अपराधी होने का मुकदमा चलाने वीवीपीएटी पर्चियों की 100% गिनती कराने संबंधी प्रस्ताव के साथ-साथ समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को उनकी पहली पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन के दौरान मुलताई विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के पानी की व्यवस्था को लेकर वर्धा जलाशय परियोजना, चंदोरा एवं वर्धा बांध परियोजना से विभिन्न ग्रामों में सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने तथा परमंडल, भिलाई, मोही चांदोरा और वलनी को पाइप लाइन से सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने की मांग विशेष तौर पर की गई। सम्मेलन में 24 शहीद किसानों की स्मृति में 30 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस बार सम्मेलन की विशेषता फलदार पौधों का वितरण रहा। विभिन्न ग्रामों से आए किसानों को फलदार वृक्ष वितरण करने के साथ-साथ परमंडल के सामुदायिक भवन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सम्मेलन को दिल्ली से आए किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय सचिव शशिभूषण चौहान, छतरपुर से किसान क्रांति के अध्यक्ष दिलीप शर्मा, किसान संघर्ष समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष कटनी से डॉ एके खान एवं छिंदवाड़ा से एड.आराधना भार्गव, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभिनव गर्ग, आकृति गर्ग, देवास से आए किसंस के प्रदेश सचिव लीलाधर चौधरी, सिलवानी से आए प्रदेश सचिव श्रीराम सेन, सागर के जिला अध्यक्ष, पूर्व सैनिक अभिनय श्रीवास, किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप ठाकुर, सिवनी के जिला अध्यक्ष रामकुमार सनोडिया, पवन सनोडिया, छिंदवाड़ा से सतीश जैन, श्रीकांत वैष्णव ग्वालियर जिला उपाध्यक्ष शत्रुघ्न यादव एवं बैतूल बाजार से डॉ राधिका वर्मा, शिवकुमार लोनारे, किसान आदिवासी संगठन केसला से फागराम, कपिल खंडेरवार, बैतूल जिला अध्यक्ष जगदीश दोड़के, तहसील अध्यक्ष कृपाल सिंह सिसोदिया, भैंसदेही तहसील अध्यक्ष मदन विजयकर, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण बोरबन आदि ने संबोधित किया।

---

# माइक्रोफाइनेंस के ब्रांच मैनेजर पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

### गंभीर रूप से घायल ब्रांच मैनेजर को जिला चिकित्सालय में किया भर्ती

**बैतूल।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोतीढाना निवासी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर को उसके घर में घुसकर आधा दर्जन से अधिक नकाबपोशों ने लोहे के पाइप और बोतल से मार कर गंभीर घायल कर दिया, अचानक हुए हमले में घायल ब्रांच मैनेजर को जिला चिकित्सालय में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर के मोतीढाना में संचालित आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में पदस्थ ब्रांच मैनेजर शम्भूलाल तारम निवासी बिछुआ जिला छिन्दवाडा, जो की अपने ऑफिस के ऊपर बने घर पर ही थे, गुरुवार रात्रि में 9.30 बजे के लगभग 6 से 7 लोग अपने- पने मुंह पर कपड़ा बांधे सीधे ब्रांच मैनेजर के घर में घुस गए और उनके साथ मारपीट करने लगे। तीन लोगों के पास लोहे के पाइप थे और कुछ लोगों के पास कांच की बोतले थी। ब्रांच मैनेजर के सिर पर पाइप और कांच की बोतल से वार कर दिया, जिसके चलते उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। उनके हाथ पर भी लोहे के पाइप से वार किया गया। लहूलुहान हालत में ब्रांच मैनेजर को शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद रात लगभग 12 बजे उन्हें बैतूल जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। घायल मैनेजर के सर पर गंभीर चोट आई है। वही एक हाथ में भी फैक्चर व गंभीर चोट आई है। शाहपुर थाना प्रभारी ए.बी. मर्सकोले ने बताया कि घायल के सिर पर गंभीर चोट आई है तथा उनके हाथ में भी गंभीर चोट है, कुछ हमलावरों की पहचान हूई है।

---

### महतपुर सुपर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

# प्रथम विजेता टीम को मिलेगा 30 हजार, 20 टीमें लेंगी भाग






**मुलताई।** बीते 5 वर्षों से ग्राम महतपुर बस स्टैंड ग्राउंड पर होने वाले सुपर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रारंभ हो गया। टूर्नामेंट के प्रथम दिन तीन मैच खेले गए। सुपर लीग टूर्नामेंट क्षेत्र का महत्वपूर्ण टूर्नामेंट माना जाता है जिसमें संपूर्ण क्षेत्र की दो दर्जन से भी अधिक ग्रामों की टीम में भाग लेती है। इस वर्ष भी 20 क्रिकेट टीमो ने अपनी एंट्री ली है ।विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 30 हजार एवं द्वितीय विजेता टीम को 15 हजार से पुरस्कृत दीया जाएगा। आज टूर्नामेंट का प्रारंभ रघुवंशी समाज महतपुर के अध्यक्ष रामभरोस रघुवंशी, पूर्व सरपंच सुरेश झरे ,होरीलाल नगदे ,नरेंद्र रघुवंशी पंकज रघुवंशी द्वारा सिक्का उछाल कर किया गया इसके उपरांत अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर टूर्नामेंट का प्रारंभ किया। प्रथम दिन तीन मैच हुए जिसमें नरखेड से कोपानी ,ज्वलखेड़ा से कोपनी, ज्वलखेड़ा से बरखेड़ के बीच तीनों टीमों ने एक-एक बार अपनी जीत दर्ज कराई इसके अलावा इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों में चिखली कला, सोड़यि, बरखेड़, माथनी आदि क्रिकेट टीम में शामिल है।

---

# प्रेरकों के साथ बच्चों ने की जंगल की सैर

आमला। स्कूली छात्रो को वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश वन विभाग एवं मध्य प्रदेश ईकोपर्यटन विकास बोर्ड द्वारा 11 जनवरी को भूमकादेव (सारणी-बेलोण्ड रोड), आमला में वनसंरक्षक वनवृत्त बैतूल एवं वनमंडल अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में वन परिक्षेत्र आमला अंतर्गत अनुभूति वर्ष 2024 कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अशासकीय मदरलैंड पब्लिक अकादमी स्कूल आमला के 126 छात्र-छात्रों ने भाग लिया । आयोजित शिविर में छात्रों ने प्रदेश के अनुभूति प्रेरक केएल चंदेलकर सहित वन विभाग के 3 अन्य प्रेरकों के साथ एक प्राकृतिक सैर में हिस्सा लिया, जहां उन्हें पेड़ों और पक्षियों की विविध प्रजातियों के बारे में जानकारी दी गई । इस दौरान बच्चों को अनसिले कपड़े से बैग बनाने के साथ साथ मैं भी बाघ थीम पर डाक्युमेंट्री दिखाई गई । वहीं छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला, रंगोली, और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी वन विभाग द्वारा आयोजित किया गया । शिविर के दौरान मुख्य अतिथि बतौर जनपद पंचायत अध्यक्ष गणेश यादव आमला, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरी यादव , सुखराम कुमरे सभापति जैवविविधता वन समिति के साथ सरपंच सुखदेव यादव , सरपंच रामाधार यादव , जिला मंत्री भगवत सिंह रघुवंशी भाजपा अतिथि के रूप में शामिल हुये । प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार वितरण किया गया।

---

# 82 करोड़ की नगर पालिका कंगाल, कर्मचारियों को वेतन देने के पड़े लाले

### गैरजरुरी खरीदी और फिजूलखर्ची की वजह से बने ये हालात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारनी

प्रदेश की दूसरी और जिले की पहली सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद सारनी कंगाल हो चुकी है। स्थिति यह निर्मित हो गई है कि नगर पालिका के नियमित 150 और दैनिक वेतन भोगी और विनियमितीकरण के लगभग 500 कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान करने के लिए नगर पालिका के पास कोश नहीं है। नगर पालिका के कर्मचारियों का कहना है कि 12 जनवरी होने को है लेकिन पालिका परिषद के कर्मचारियों के वेतन कब होता यह स्पष्ट नहीं हो पाया है और लगभग एक सप्ताह से अधिक का समय वेतन भुगतान में और लग सकता है पिछले माह भी 12 जनवरी के बाद ही कर्मचारियों का वेतन उनके खाते में आया है।

बताया जाता है कि नगर पालिका में अनावश्यक सामानों की खरीदी और बेवजह की खर्च की वजह से ही इस तरह की स्थिति निर्मित हो गई है स्वास्थ्य महकमे पर लगभग प्रति माह 30 से 40 लाख रुपए का खर्च किया जाता है। जबकि इसकी स्थिति उस तरह की नहीं है जैसे शहर हुआ करता है। इसके अलावा नगर पालिका में पेविंग ब्लॉक का निर्माण करवाना अनावश्यक कार्य में खर्च करना मुख्य कारण माना जा रहा है। नगर पालिका का वार्षिक बजट 82 करोड़ है जो लगभग 68 करोड़ के आसपास आता है इतनी बड़ी नगर पालिका के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए यदि राशि ना हो तो यह कोई विडंबना से कम नहीं है। नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम का कहना है की चुंगी क्षति का भुगतान उन्हें नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से समय पर कर्मचारियों अधिकारियों के वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। जबकि बताया जाता है कि जेम में एक ही व्यक्ति को पिछले तीन वर्षों में चार करोड़ से अधिक की खरीदी करने का कार्य किया गया है।

#### आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

*नपा के माध्यम से नपा की हालत खस्ता हो चुकी है ऐसी स्थिति में नपा के माध्यम से मेले पर 40 लाख रुपए का खर्च किया जा रहा है जबकि इस मेले से नपा को केवल आय के रूप में तीन लाख की राशि ही मिलती है। यदि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी और वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा से चुंगी क्षतिपूर्ति बंद हो जाए तो नगर पालिका घटकर नगर परिषद में परिवर्तित हो जाएगी जिससे 82 करोड रुपए का इनका वार्षिक बजट घटकर 18 करोड़ पर सिमट जाएगा।*

---

# सीएम राइज विद्यालय में मनाया युवा दिवस, विधायक ने दिखाई हरी झंडी



**मुलताई।** नगर के सीएम राइज स्कूल मे स्वामी विवेकानंद जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक व्याख्या का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर अतिथि के रूप में शामिल हुए और अतिथियों ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा परियोजना सीएम राईज विद्यालय में बस सेवा का शुभ आरंभ किया। विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा आज युवा दिवस के अवसर पर 11 स्कूली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया अब मुलताई क्षेत्र के 20 किलोमीटर क्षेत्र के बच्चे इन बसों के माध्यम से विद्यालय पहुंच पाएंगे साथ ही विद्यालय से बच्चों को घरों तक पहुंचाया जाएगा। इन बसों पर महिला बस कंडक्टर की भी नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य संदीप गणेशे ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की इन बसों के संचालन की जवाब देही वेदांश ट्रेवल्स को दी गई है। वर्तमान में 11बसो को 11 अलग-अलग रूट पर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 बसों की आवश्यकता है। बता दे की कम राइस शिक्षा परियोजना के माध्यम से शासन का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटरनेशनल स्तर की शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराना है और फिलहाल 11 बसे आई है।कार्यक्रम मे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, नमन अग्रवाल एवं अन्य भाजपा नेता शाहिद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ मौजूद रहे।

---

# हमें गर्व है कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई:हेमंत खंडेलवाल

### सांसद, विधायक ने जेएच कॉलेज में किया सूर्य नमस्कार



बैतूल। जेएच.कॉलेज में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर बैतूल के सांसद डीडी उईके, विधायक हेमंत खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, एसपी सिद्धार्थ चौधरी और प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, के द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माला अर्पित कर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौक पर डीडी उईके ने कहा कि युवा सब कुछ कर सकता है बस लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढने होगा। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हमें गर्व है कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई है। इसके पश्चात रेडियो के माध्यम से राष्ट्रगीत द्वारा सूर्य नमस्कार का प्रारंभ किया। सूर्य नमस्कार के तीनों चरण संपन्न किया गया। जिसमें कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, डॉ.शीतल खरे, प्राध्यापक डॉ.अनीता सोनी, प्रो.सोनाली, डॉ.मनोज कुमार घोरसे, प्रो.संतोष पवार, डॉ.युगलकिशोर सरले, खेल विभाग की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नीलिमा पीटर, जेएच एनएसएस के स्वयंसेवक, खेल विभाग, एक्सीलेंस स्कूल, कन्या शाला स्कूल के छात्र-छात्राएं सहित कॉलेज स्टॉफ मौजूद था। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमारी कोमल देशमुख, आयुष घिंडोडे, कुणाल केकतपुरे, ऋषक पारीसे,देवेश प्रजापति, ईस्ताइक अली, विक्रम यादव,रंजीत कासदे, रोहित परते, विशाल अमरूते का सक्रिय योगदान रहा।

---

# चौथे दिन भी अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

### अब रोड पर लगने वाले जाम से मिलेगी मुक्ति

**बैतूल।** शहर और उसके आसपास अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण से सड़क पर सदैव जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है जिससे जहां एक और दुर्घटना भय बना रहता है, वही वाहन चालकों को सडक पर से अपने वाहन निकालने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण से शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई थी। नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने शहर को व्यवस्थित और यातायात को सुचारू करने के लिए पैदल भ्रमण कर शहर के बेतरतीब अतिक्रमण की स्थिति देखी और उसके बाद इसे हटाने के लिए राजस्व और नगर पालिका को सख्त निर्देश दिए थे। श्री सूर्यवंशी के निर्देश के बाद बडोरा पर माचना नदी से कातिशिवा पेट्रोल पंप तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया गया और इसे हटाने की कार्यवाही भी शुरू की गई। आज चौथे दिन भी अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया।

**80 फीट चौड़ी हो जाएगी रोड:** माचना नदी से कांतिशिवा पेट्रोलपंप तक की सड़क सरकारी दस्तावेजों में 80 फीट चौड़ी थी। लेकिन सड़क के दोनों तरफ 15-15 फीट अतिक्रमण होने के बाद ग्राहकों के वाहन सड़कों पर खड़े होने कारण यह सड़क संकरी हो जाती थी। जिसके कारण यहां पर प्रतिदिन जाम लगने लगा था। उल्लेखनीय है कि बडोरा में कृषि उपज मंडी होने के कारण सीजन के मौके पर किसानों की फसल वाहनों से आती है जिसके कारण भी कई बार चार से पांच किलोमीटर तक का जाम यहां लग जाता था। राजस्व, नगर पालिका, ग्राम पंचायत के संयुक्त टीम के द्वारा हटाए गए अतिक्रमण से अब यँहा सड़क 80 फीट चौड़ी हो गई है।

#### होगा स्थायी निराकरण

अतिक्रमण की समस्या से प्रशासन को होने वाली परेशानी और लगने वाले जाम के स्थायी निराकरण को योजना बनाई गई है। पीडब्ल्यूडी के उपयंत्री अखिलेश कवड़े ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क 80 फीट तक खाली हो गई है। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है।

---

### सांसद और विधायक नहीं पहुंचे मठाधीश माता देव महाराज के दरबार

# दस दिवसीय बाबा मठारदेव मेले शुभारंभ, उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारनी

श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव मेले का विधि विधान के साथ सांसद दुर्गादास उइके, विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के माध्यम से मेले का फीता काटकर इसका शुभारंभ करने का कार्य किया गया। हालांकि इसके पूर्व सुबह 10:30 से लेकर 12 तक क्षेत्र के व्याख्या पंडित संतोष शर्मा के मुखाग्र बिंदु से विभिन्न विद्या के अनुरूप पूजा आराधना करने के बाद यह सारी प्रक्रिया को करने का कार्य किया गया।

इसके अलावा जब फीता काटने का अवसर आया तब संसद विधायक और नपाध्यक्ष के माध्यम से फीता काटकर मठाधीश क्षेत्र के यजमान बाबा मठारदेव के मंदिर पर दर्शन किए बगैर ही तीनो अतिथि वापस आ गए जिसकी संपूर्ण क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है व्याप्त हो रही है। फिता काटने के उपरांत कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर संसद के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा मठारदेव मेले की व्याख्याता जिले के अलावा आसपास के कई जिलों में भी व्याख्यात है। कार्यक्रम को आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 क्षेत्र के लिए लाभदायक रहेगा जितने भी विकास कार्य है इसी वर्ष में होंगे उन्होंने कहा कि लंबे समय से सारनी में 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई के निर्माण की चर्चा की जा रही थी लेकिन लगातार संघर्ष करने के बाद इस धरातल पर उतरने का काम किया है,उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अलावा सभी तरह के अनुमति ले ली गई है और जल्द ही 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई का निर्माण कार्य शुरू होगा इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयत्न उनके माध्यम से किया जाएगा उन्होंने कहा कि इस बार नहीं आने वाले समय में भी नगर पालिका अध्यक्ष की उपाधि पर मैं ही विराजमान रहूंगा।

#### मुंह लटका कर बैठे रहे कई पार्षद

नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से 40 लाख रुपए खर्च करके बाबा मठारदेव मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले का आयोजन 12 से 22 जनवरी तक होगा इसमें जितना भी खर्च एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी होती है वह संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से किया जाता है नगर पालिका परिषद सारनी में 36 पार्षद निर्वाचित हुए हैं और कई पार्षद इस बार भी मूह लटका कर इधर-उधर बैठे दिखाई दिए हालांकि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी के माध्यम से उन नाराज पार्षदों को मनाने का प्रयत्न किया गया लेकिन वह मुंह फुलेबल कर कार्यक्रम समाप्त होने के के उपरांत अपने कार्य क्षेत्र पर चले गए।

#### सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किए गए थे पुलिस के जवान

श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव महाराज के मेले में किसी भी तरह की कोई चुक ना हो सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की कोई कमी ना हो उसे ध्यान में रखते हुए एसडीओपी रोशन कुमार जैन एवं सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के माध्यम से कई स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की व्यवस्था की गई। इस बार भी नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से बाबा मठारदे मेले में बैतूल जिले के अलावा अन्य दूसरे जिले एवं दूसरे राज्यों से आने वाली श्रद्धालुओं के लिए मेले में कई तरह की व्यवस्था करके रखी गई है। इस बार भी बाबा मठारदेव मेले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी के मेश्राम,स्वास्थ्य निरीक्षक कमल किशोर भावसार के माध्यम से पन्नी एवं कचरा विहीन मेला लगाने का निर्णय लिया गया है पिछले दो वर्षों से बाबा मेले में कचरा पान्नी किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं है इस बार भी व्यवस्था बेहतर होने की संभावना व्यक्ति की जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं निर्वाचित पाषर्दगण उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/विज्ञप्ति**

रा.प्र.क्र.-12/अ-6/2023-24

पक्षकार :- प्रवीण कुमार जाधव पिता स्व. बापूराव जाधव-आवेदक

**बनाम**

श्रीमती शांति उर्फ सरला गायकवाड़ पति दीवाकर गायकवाड़ -अनावेदिक गण

एतद् द्वारा 1. श्रीमती शांति उर्फ सरला गायकवाड़ पति दीवाकर गायकवाड़ निवासनी पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर पिन नं. 495001 2.राजू गायकवाड़ पिता दीवाकर गायकवाड़ निवासी पुलिस लाईन मसानगंज बिलासपुर पिन कोड 495001 3. पुष्कर गायकवाड़ पिता एविनेजर गायकवाड़ निवासी मिशन कम्पाउंड जबलपुर म.प्र. पिन कोड नं. 482001 4. मधुकर गायकवाड़ पिता एविनेजर गायकवाड़ निवासी रेसीडेंसी रोड नागपुर महाराष्ट्र पिन नं.440001 5. श्रीमती पुष्पलता सिंधे पति जे.सिंधे निवासीनी 7 डे मिशन कम्पाउंड मुम्बई महाराष्ट्र पिन कोड 400001 6. श्रीमती विजया डेवरिल पति आर.डेवरिल निवासी मराठा वार्ड बैतूल म.प्र. पिन नं.460665 को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 02 प्लाट नं. 37/2,38/1,39/2,46/2,53/1,54/1 रकबा 6532 वर्गफीट भूमि मे आवेदक एवं अनावेदकगण संयुक्त स्वामी है से सह स्वामिनी कु.नीला जाधव पिता स्व. बापूराव जाधव की मृत्यु हो जाने के कारण उनका नाम नजूल रिकार्ड से विलोपित कर फौती नामांतरण कराने के लिए इस न्यायालय को आवेदन पत्र पेश किया गया है जो वर्तमान में विचाराधीन है।

अत: इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 24/01/2024 को न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 08/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

## युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया

# स्वामी जी की जयंती अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाई गई

युवा देश की नींव हैं। जिनके उत्साह,जोश और जुनून के दम पर बेहतर का निर्माण संभव है। शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाई गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय एवं निजी स्कूलों में स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एकीकृत माध्यमिक शाला जमुनिया विद्यालय की योग समिति द्वारा तीन दिन पूर्व से ही छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया एवं योग दिवस पर मन्त्रोंच्चार के साथ के साथ सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर योग समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार कोरी, ग्राम पंचायत जमुनिया के सरपंच प्रेम शंकर एके प्रभारी प्रधान पाठक साधना विश्वकर्मा, लचीराम ठाकुर, मनोज निगम, भावना मालवीय, हर्षिता मालवीय, प्रशिक्षक नवीन कुमरे तथा राज साहू उपस्थित थे। वहीं शासकीय बालक उमावि सेमरी हरचंद, शासकीय प्राथमिक शाला काछीपुरा, न्यू स्टेप इंग्लिश मीडियम स्कूल, ज्ञानांजलि शिक्षा निकेतन में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

इस अवसर पर शासकीय बालक उमावि के योग समिति अध्यक्ष अर्जुन मीना, प्राचार्य शीला चौधरी, डॉ राधा रमन मिश्रा, राजेंद्र सिंह तोमर, धनीराम मौर्य, आयुष डॉ सुनील यादव एवं योग संजीवनी शाला की संचालिका संगीता मालवीय ने समस्त बच्चों को सूर्य नमस्कार कराया। मंच संचालन शासकीय प्राथमिक शाला काछीपुरा के प्रधान पाठक मालकजी पटेल ने किया। अंत में शाला प्राचार्य शीला चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं एकीकृत माध्यमिक शाला गुलौन के प्रधान पाठक लेखराम पटेल की अगुवाई में रेडियो संदेश के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार कराया गया। शिक्षक नारायण अहिरवार ने बच्चों को प्राणायाम करवाया। जिससे उनमें ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय में पूर्व सरपंच डॉ प्रवीण मेहरा, विनोद पटेल एवं समाजसेवी नानकराम पटेल ने योग प्राणायाम से संबंधित उद्बोधन दिया। इस अवसर पर जन शिक्षक लेखराम पटेल अतिथि शिक्षक खुराना सहायक शिक्षिका फिलोमिना फ्रैंकलिन एवं श्वेता खान उपस्थित हुए। शासकीय हाई स्कूल खाडा देवरी अंगराष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के पूजन से हुआ। स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यर्पण किया। शाला प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी व समस्त स्टाफ ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी की पूजा अर्चना की। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। राष्ट गीत, मध्यप्रदेश गान गाया गया। सूर्य नमस्कार ,कपाल भाती, प्राणायाम, भस्तिका ,शवासन आदि अन्य आसन भी किये गए।शिक्षक नीमचन्द पटेल व राजेश साहू द्वारा योग कराया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी द्वारा योग व स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणादायक विचारों को बताया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी, शिक्षक राजेश साहू,रामेश्वर मेहरा, नीमचन्द पटेल ,ब्रजेश मेहरा,दिनेश साहू, शिक्षिका रितु साहू एवं नगीना खान उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के चेंबर में फंसा ट्रक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

स्टेट हाईवे नंबर22 पिपरिया नर्मदा पुरम मुख्य सड़क के बाजू से जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन के वॉल चैंबर बनाए गए थे। सुबह चेंबर के ढक्कन के ऊपर से माल वाहक ट्रक गुजरा तो उसके पहिए बाल चेंबर में 10 गए बाल चेंबर का ढक्कन चकनाचूर हो गया। जानकारी लेने के लिए जल जीवन मिशन के ठेकेदार के सुपरवाइजर ओमपुरी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

## निजी कृषि फार्म में देखा गया तेंदुआ, वीडियो हुआ वायरल

सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम सैनी के एक निजी कृषि फार्म में दो दिन पूर्व तेंदुए के पगमार्क दिखाई दिए थे। वन विभाग द्वारा पंचनामा बनाया एवं पगमार्क लेकर ग्राम वासियों को तेंदुऐ के होने की पुष्टि की थी ग्राम वासियों को सतर्क रहने के को कहा था 12 जनवरी को तड़के ग्राम वासियों को तेंदुआ दिखाई दिया जिसकी किसी ग्रामीण द्वारा वीडियो बना ली गई एवं वह वीडियो वायरल हो गई।

## दो आरोपियों को दो वर्ष की सजा और जुर्माना

पिपरिया। प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश मनीष कुमार पाटीदार के न्यायालय में अभियुक्त दीपक कहार पिता हरि प्रसाद का उम्र 24 वर्ष महाराणा प्रताप वार्ड पिपरिया अजय उर्फ सुम्मा कतिया उम्र 28 वर्ष निवासी को भारतीय दंड संहिता की धारा 324 323 34 में दोषी पाते हुए 2 वर्ष का कारावास एवं पांच 5000,5000, के अर्थ दंड से दंडित किया गया, । जिसमें लोक अभियोजक अभियोजक सुनील चौधरी ने पैरवी की घटना के अनुसार 5 जून 2022 को फरियादी शंकर लाल कहार के साथ कस्तूरबा वार्ड में अभियुक्त दीपक एवं सुम्माने रास्ते से हटने की बात पर गाली–गलौज करते हुए मारपीट की इसी दौरान दीपक ने अपने हाथ में रखे हुए चाकू से धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया जिससे उन्हें चोट लगी उसके आधार पर न्यायालय के द्वारा यह सजा सुनाई गई।

## शासन के निर्देशानुसार संस्था में विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन

पचमढ़ी। विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन, शासकीय कन्या संकुल के अंतर्गत किया गया। जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ, सरस्वती पूजन सविता साहू,बीना अग्रवाल व शिक्षक संजय टिकार द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना डाईट पचमढी की प्रशिक्षु मुस्कान चौधरी,प्रियंका व नेहा अहिरवार द्वारा की गयी।तत्पश्चात संकुल प्रभारी व खेल प्रशिक्षक उमेश कुमार बरैया द्वारा कन्या शाला व सी एम राइज पचमढी के छात्र छात्राओ एवं शिक्षको व उपस्थित पालको को सूर्य नमस्कार व प्राणायाम के तीन तीन चक्र कराया गया। कार्यक्रम मे उदबोधन के दौरान सविता साहू द्वारा युवा दिवस के आयोजन करने का कारण व महत्व बताया वही शिक्षक संजय टिकार ने योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे।मुस्कान चौधरी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी का जीवन परिचय तथा सी एम राइज के छात्र विवेक विट्ठल लिहिणार व साथियो ने विवेकानंद जी पर आधारित लघु नाटिका का शानदार प्रस्तुतीकरण किया।इस अवसर पर अजय मेहरा द्वारा शीर्षासन करके उसका महत्व बताया।कार्यक्रम के दौरान रेशमा बानो,वैष्णवी गुप्ता,नम्रता अहिरवार ,गुड़िया जाटव,सभी कन्या शाला तथा मनीषा परमार,शाहजहा बेगम, सहित अन्य सभी ने कार्यक्रम सफल बनाने मे सहयोग दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमति कविता कन्नौजिया व आभार प्रदर्शन पूजा साहू ने किया।



## स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया सूर्य नमस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

राष्ट्रीय युवा दिवस पर सीएम राइस स्कूल में शुक्रवार को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, कार्यक्रम विशेष अतिथि जिला सतर्कता समिति के सदस्य अरविंद राय, जिला महिला मोर्चा की महामंत्री ममता नागवंशी, जनपद सदस्य जमुना रघुवंशी, अनीता श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संजीव दुबे द्वारा की गई। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला।

## विकास और साइबर विषय पर कार्यशाला का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रचार डॉ राकेश वर्मा के मुख्य अतिथि में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण का दीप प्राजूलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में शैली वर्मा, डॉ मधु ठाकुर, डॉ शैलजा शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रोफेसर एसके बघेल, अंबिका सिंह, राकेश कुमार दिलावर, महेंद्र चौकसे, कैलाश नामदेव, प्रीति राजपूत, कीर्ति मौर्य, निमिया कनकराज, रश्मि अहिरवार, नंदलाल अहिरवार, अरुण सिंह, जयराम सहित आदि मौजूद रहे।

## युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस ''युवा दिवस'' के उपलक्ष्य मे नगर परिषद कार्यालय प्रांगण मे प्रातः 9 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

इसमे सर्वप्रथम मॉ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगीत, मध्यप्रदेष गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम मे योग प्रशिक्षिका प्रज्ञा भारती राजपूत एवं देवेन्द्र संतोरे ने बताया कि सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण शारिरिक व्यायाम है जो कि शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुउपयोगी है। कार्यक्रम मे नायब तहसीलदार, सीएमओ समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त कर्मचारी, नागरिक उपस्थित रहे।

## योग दिवस पर पुलिस ने यातायात के नियम बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



योग दिवस के अवसर पर सोहागपुर पुलिस प्रशासन द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को यातायात के नियम वा संकेतों से परिचय कराया। थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गुरूकरण सिंह के निर्देशानुसार एसडीओपी संजू चौहान वा उन्होंने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमो के पालन करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी। सड़कों पर बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के चलते पुलिस बल द्वारा युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचने संबंधी जानकारी साझा करते हुए बाइक चालकों को हेल्मेड के साथ वाहन चलाना, नियंत्रित रफ्तार में वाहन चालाना, नशे की हालत में ड्राइव ना करना सहित ट्रेफिक नियमो के तहत सड़क किनारे लगे संकेतकों का प्रयोग करने , सड़क पार करते समय सावधानी इत्यादि के साथ यातायात के नियम बच्चो को बताएं । इस दौरान करीब 500 छात्र / छात्राएं वा 30 शिक्षक उपस्थित होकर नियमो से वाकिफ हुए ।

## महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शुक्रवार को परियोजना में महिला सशक्तिकरण सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद 1 निरंजना दुबे, पुलिस विभाग से अरविंद बेले, जपं सीईओ संदीप डाबर, अनुराधा असवार, पर्यवेक्षक विनीता मालवीय, प्रीति वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम गया। विकासखंड स्तर पर गठित लाडली लक्ष्मी क्लब के सदस्य बालिकाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एवं मकर संक्रांति के वैज्ञानिक महत्व पर परिचर्चा की गई। कक्षा 8वीं से 12वीं तक एवं 19 से 49 वर्ष की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं साइबर क्राइम से बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य लक्ष्य बेटियों के जन्मोत्सव मानना एवं उनको शिक्षित करना है समझ में बेटियों के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित की जाना है। आंगनबाड़ी केंद्र पर पिछले एक वर्ष में जन्मी बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को बुलाकर सम्मानित किया गया तथा बालिकाओं के हित संबंधीजानकारी दी गई।

## सीईओ ने केसला में भ्रमण कर मनरेगा व आजीविका मिशन के कार्यों को देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत ने जनपद पंचायत केसला की ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर मनरेगा योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने मनरेगा के तहत बनाई जा रही गौशाला एवं मनरेगा तथा आजीविका समूह के माध्यम से ग्रामीणों को दिए जा रहे पोषण वाटिका एवं नंदनपुर उद्यान का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत ताकू में सामुदायिक भूमि पर आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा विकसित की जा रही सामुदायिक पोषण वाटिका का निरीक्षण किया एवं उक्त पोषण वाटिका के उत्पादन से महिलाओं को हो रहे आर्थिक लाभ की जानकारी ली। ग्राम पंचायत ताकू में ही हितग्राहियों को दिए जा रहे आम तथा संतरे के नंदन फलोउद्यान का भ्रमण किया। सीईओ जिला पंचायत श्री रावत ने निर्देश दिए कि शीघ्र ही हितग्राहियों के उत्पाद के मार्केट लिंकेज हेतु व्यवस्था की जाए हितग्राही उनके फल उचित दाम पर विक्रय कर सकें यह सुनिश्चित करना होगा। यह भी निर्देश दिए कि सामुदायिक पोषण वाटिका में समस्त पैदावार जैविक खाद का उपयोग कर की जाए। फल व सब्जी के उत्पादन में रासायनिक खाद उपयोग न हो, समय समय पर उद्यानिकी विभाग के अमले का भृमण करवाकर पौधों की देख रेख सुनिश्चित करवाई जाए। जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि चिह्नित 5 अन्य ग्राम पंचायतों में भी पोषण वाटिका के कार्य प्रारंभ किये जायें।

## संतोष को सौंपी श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मध्यप्रदेश का विस्तार लगातार द्वारा श्री विश्वकर्मा महापंचायत के संस्थापक एवं विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा के निर्देशन में प्रदेश के प्रत्येक जिला तहसील स्तर पर प्रतिदिन संगठन अपनी सक्रियता दर्ज करा रहा है । गुरुवार को श्री विश्वकर्मा महापंचायत के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा की अनुशंसा पर विश्वकर्मा समाज के पुरोहित संतोष विश्वकर्मा ग्राम बनवारी पिपरिया, जिला नर्मदापुरम मध्य प्रदेश को संगठन के नर्मदापुरम जिले का जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। श्री विश्वकर्मा महापंचायत में जिला नर्मदापुरम की नियुक्ति पर संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी को संतोष विश्वकर्मा की नियुक्ति से संगठन के कार्य का विस्तार होगा एवं कार्य में गति आएगी। संतोष विश्वकर्मा की नियुक्ति पर विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष माननीय प्रेमनारायण विश्वकर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा महापंचायत रामकिशोर विश्वकर्मा ,प्रदेश उपाध्यक्ष सुमेरसिंह विश्वकर्मा सिलारी हरदा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद विश्वकर्मा , प्रदेश मीडिया प्रभारी,प्रोफेसर उमा विश्वकर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी आदि ने बधाई दी।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ 16 से

इटारसी। नर्मदा अस्पताल परिसर नर्मदापुरम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 16 जनवरी से 22 जनवरी तक होगा। यह आयोजन अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 16 जनवरी से प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक कथा चलेगी। इस दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 से 12:30 बजे तक श्रीरामधुन भजनांजलि होगी। वृंदावन की कथा वाचक सुश्री अम्बालिका किशोरी कथा वाचन करेंगी। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह दीपोत्सव एवं सुंदरकांड 22 जनवरी को शाम 2 से 6 बजे तक चलेगा। कथा की पूर्णाहुति 22 जनवरी को दोपहर 12 से 4 बजे के बीच होगी। 22 जनवरी की शाम 7 से रात 9 बजे तक प्रसाद वितरण एवं भंडारा होगा।

### अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची

# पुणे, राउरकेला, मुंबई, डीएचए इटारसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




नगर पालिका परिषद इटारसी के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ नर्मदापुरम इटारसी के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को चार क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले गये। इन मैचों में पुणे, राउरकेला, मुंबई और डीएचए इटारसी ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले सेल राउरकेला विरुद्ध सेंट्रल रेलवे मुंबई तथा एफसीआई पुणे विरुद्ध डीएचए इटारसी के मध्य खेले जाएंगे। पहला मैच एफसीआई पुणे और केनरा बैंक बैंगलोर के मध्य खेला गया। मैच में दोनों टीमों ने शानदार हॉकी खेली। पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में पुणे टीम ने पेनाल्टी स्ट्रोक में कप्तान विक्रम ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। मध्यांतर के अंतिम क्षणों में बैंगलूरु के प्रधान ने मैदानी गोल करके मुकाबला 1-1 से बराबर कर लिया। निर्धारित समय में दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। मैच का फैसला 8 सैकंड की पेनाल्टी शूट आउट प्रक्रिया से हुआ जिसमें पुणे की टीम ने 5-3 से जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। दूसरे मैच में मणिपुर और राउरकेला उड़ीसा के मध्य मुकाबला हुआ। शुरुआत में दोनों टीमें तेज खेलीं लेकिन राउरकेला ने बेहतरीन समन्वय से खेल दिखाया और पहला गोल अमित तथा दूसरा अंकित ने करके टीम को 2-0 की बढ़त दिलायी। तीसरा गोल भी अमित ने किया। इसके बाद टीम को शॉर्ट कॉर्नर मिला जिसमें अमित ने चौथा गोल किया। अंतिम क्वार्टर में मणिपुर को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला जिसे गोल में बदला। अतिम स्कोर 4-1 से राउरकेला के पक्ष में रहा। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच मध्य रेलवे मुंबई और उत्तर-पूर्व रेलवे बनारस के मध्य खेला गया। कुछ ही क्षणों में मुंबई के राजू पवार ने पहला और पंकज राउत ने दूसरा गोल करके टीम को 2-0 की बढ़त दिलायी। मध्यांतर के बाद बनारस के एके बिन्द्रा ने टीम के लिए पहला गोल किया। लेकिन कुछ ही देर बाद मुंबई टीम ने शानदार मूव बनाया और एके बिन्द्रा ने तीसरा गोल किया। यह मैच मुंबई की टीम ने 3-1 से जीत लिया। चौथा और अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच करनाल हरियाणा और डीएचए इटारसी की टीमों के मध्य खेला गया। इस मैच में दोनों टीमों ने तेज हॉकी खेली। लेकिन पहली सफलता दूसरे क्वार्टर में इटारसी को मिली जब मयंक जेम्स ने पहला गोल करके एक गोल से बढ़त बनायी। तीसरे क्वार्टर में भी इटारसी ने शानदार खेल दिखाया और जैद खान ने दूसरा मैदानी गोल करके बढ़त 2-0 कर दी। अंतिम क्षणों में करनाल ने एक गोल करके बढ़त को कम किया लेकिन अंतिम फैसला इटारसी के पक्ष में 2-1 से रहा।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती के अवसर पर प्रात: महाविद्यालय स्टॉफ के साथ विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार, प्राणायाम व विभिन्न योग आसनों व इसके लाभो के बारे में बताया। महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार पटवा के नेतृत्व में सभी ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में सहभागिता प्रदर्शित की। महाविद्यालय में विविध खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं के साथ महाविद्यालय स्टॉफ ने भी भाग लिया।

## सतपुड़ा की सर्वश्रेष्ठ चोटी पर सामूहिक सूर्य नमस्कार




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

जिले में नवपदस्त कलेक्टर सोनिया मीणा से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह पचमढ़ी से काफी लगाव रखती हैं। पचमढ़ी को देखें तो पर्यटन की यहां पर अपार संभावनाएं हैं। बस हमें बेहतर तरीके से पर्यटन को सुचारू रखने की व्यवस्था बनाई रखनी है। सोनिया मीणा ने बताया कि जैसा कि मैं जानती हूं कि पचमढ़ी में काफी ज्यादा तादाद का पर्यटन देखने कों मिलता है जो हमारे काम को और भी आसान बना देता है हमें सिर्फ यह ध्यान में रखना है कि किस तरह हम पर्यटन को और बेहतर एवं और ज्यादा बना सकते हैं। स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रदेश के साथ जिले में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पचमढ़ी साडा सीईओ के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले महान आध्यात्मिक गुरु युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर 12 जनवरी को सतपुड़ा पर्वत के 4429 फुट ऊंचाई वाले सर्वोच्च शिखर धूपगढ़ पर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।

कलेक्टर ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, विवेकानंद के आदर्शों पर चलने किया प्रेरित

# हल्के कोहरे में 15 से 70 साल के लोगों ने किया सूर्य नमस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले भर में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। युवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट स्कूल मैदान में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हल्के कोहरे के बीच 70 वर्ष के बुजुर्गों से लेकर 15 वर्ष के बच्चों और प्रशासनिक अधिकारियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने लगभग 12 योग प्राणायाम की क्रियाएं की। 300 लोगों ने सूर्य नमस्कार किया।

साथ ही कलेक्टर द्वारा विवेकानंद के आदर्शों पर चलने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया। स्वामी विवेकानंद स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार के द्वारा विवेकानंद जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिले भर में युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह आयोजन सभी स्थानों पर सुबह के समय से ही शुरू हुए। सभी स्थानों पर सूर्य नमस्कार के दौरान स्वामी विवेकानंद के आदर्श और विचारों पर चलने के लिए आमजन एवं स्कूली छात्रों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही योगा टीम ने योग करके निरोग रहने का संदेश दिया गया। भारतीय धर्म एवं दर्शन में योग का अत्यधिक महत्व है। आध्यात्मिक उन्नतियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक सम्प्रदायों ने एकमत व मुक्तकंठ से स्वीकार किया है। वैदिक जैन और बौद्ध दर्शनों में योग का महत्व सर्वमान्य है। सविकल्प बुद्धि और निर्विकल्प प्रजा में परिणित करने हेतु योग-साधना का महत्व सर्वमान्य स्वीकृत है। सविकल्प और निर्विकल्प क्या है इसे योग दर्शन में देखें। वर्तमान युग मतलब आधुनिक युग में योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। इसके बढ़ने का कारण व्यस्तता और मन की व्यग्रता है।

## युवा दिवस पर जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित



### कलेक्टर ने देशगांव में किया सूर्य नमस्कार और प्राणायाम

**खंडवा।** जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस और राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी क्रम में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने देशगांव की ग्राम पंचायत परिसर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी शैलेंद्र सिंह सोलंकी एवं स्कूली विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। देशगांव में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान वंदे मातरम राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान आयोजित किया गया। इसके बाद सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित हुआ। अंत में राष्ट्रगान आयोजित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा शुक्रवार को सुबह योग शिविर का आयोजन संस्था परिसर में किया गया। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों, प्रशिक्षण अधिकारियों एवं समस्त स्टॉफ ने योग एवं प्राणायाम किया। संस्था के एनसीसी ऑफिसर आशीष गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र एवं उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षणाथियों को उसे अपने जीवन में आत्मसात करते हुए उत्कृष्ट युवा के रूप में अपने को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

आदिवासी युवती ने की खुदकुशी

# एमए फायनल ईयर की स्टूडेंट ने सुसाइड नोट छोड़ा, भाई के साथ किराए से रहती थी



**खंडवा।** खंडवा में गुरुवार देर रात एक आदिवासी युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा युवती खालवा के निमखेड़ा गांव की निवासी है वह अपने भाई के साथ शहर के राजेंद्र नगर में किराए के मकान में रहती थी। पुलिस ने शव बरामद कर जिला अस्पताल भेजा, जहां शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम हुआ। एमए फायनल ईयर की छात्रा ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसका खुलासा अभी पुलिस ने नहीं किया है।

पुलिस के अनुसार ज्योति उईके (25) एसएन कॉलेज में एमए फायनल ईयर की छात्रा थी। वह पंजाब कॉलोनी, राजेंद्र नगर क्षेत्र में अनिल मालवीय के मकान में किराए से रहती थी। गुरुवार दोपहर के समय कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। भाई अभिषेक उसी के पास रहकर सायबर पर कम्प्यूटर सीखने जाता था। अभिषेक का कहना है कि दोपहर के समय भोजन के लिए आया तो बहन को आवाज लगाई थी, लेकिन वो कमरे से बाहर नहीं आई। पंखा चल रहा था इसलिए मैंने सोचा कि वो सो रही होगी, इसलिए जगाया नहीं।

**परिजन बोले-** मकान मालिक ने सूचना नहीं दी‍ हमें मकान मालिक पर शंका है। पुलिस को गंभीरता जांच करने की आवश्यकता है। पिता कुंवरसिंह उईके और मां नीमा उईके शासकीय सेवक है। उन्होंने बताया कि हमारी बेटी बहुत हंसमुख थी, सुबह ही फोन पर हमारी बात हुई थी। वो ऐसा नहीं कर सकती, उसने सुसाइड किया है तो मकान मालिक ने हमें सूचना क्यों नहीं दी। सुसाइड नोट जब्त, प्रेम प्रसंग की आशंका मौके से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। 25 वर्षीय छात्रा के सुसाइड के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है। इधर, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सुसाइड नोट जब्त किया है, नोट में लिखे तथ्यों के आधार पर जांच करेंगे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया है।

## तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में नाटक भक्ति मति शबरी का मंचन आज

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के 28 आस्था केंद्रों पर मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा श्री राम कथा में वर्णित पात्रों पर आधारित लीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 13 से 15 जनवरी तक तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में माता शबरी, केवट, निषादराज और हनुमान जी पर आधारित श्री लीला नाट्य मंचन का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि लीला महोत्सव में आयोजन में प्रथम दिवस खंडवा के वरिष्ठ रंगकर्मी विजय सोनी के निर्देशन में लीला नाटक भक्ति मति शबरी का प्रदर्शन किया जाएगा, इसी दल द्वारा 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन नलखेड़ा, बगलामुखी माता मंदिर परिसर में और 15 जनवरी को इंदौर में इसी नाटक का मंचन किया जाएगा। उक्त नाटक में लगभग 25 कलाकार मंच पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उल्लेखनीय है कि नाटक भक्ति मति शबरी के नाट्य मंचन का यह कार्यक्रम वरिष्ठ रंग कर्मी विजय सोनी पूर्व में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों उज्जैन,देवास, शाजापुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर आदि में लगभग 15 प्रदर्शन हो चुके हैं।

## सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन जनप्रतिनिधि हुए शामिल



**झिरन्या।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राएं और जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। भोपाल से रेडियो प्रसारण के अनुसार योग की 12 विधियों का अनुसरण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष संगीता नार्वे, पूर्व विधायक धूलसिंह डावर, सरपंच प्रतिनिधि लखन मंडलोई, मंगलम पवार,मेवालाल जायसवाल, बीईओ महेश निषाद सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

## कनेक्शन को अवैध रूप से जोड़ने वालों के विरुद्ध दर्ज किए जा रहे प्रकरण

**हरदा।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी हरदा वृत्त द्वारा 5 हजार रूपये से अधिक बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं। कम्पनी के महाप्रबन्धक अनूप सक्सेना ने बताया कि विद्युत कनेक्शन काटने के बाद उपभोक्ता फिर से न जोड़ लें इसकी जांच के लिये रात्रि में चेकिंग की जा रही है। यदि चेकिंग के दौरान उपभोक्ता द्वारा अवैध रूप से कनेक्शन जोड़ना पाया जाता है, तो पहले उसे बकाया राशि जमा कर विद्युत का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। किन्तु यदि उपभोक्ता द्वारा समझाईश के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तथा कनेक्शन अवैध रूप से पुनः जोड़ लिया जाता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। विद्युत वितरण कम्पनी हरदा के महाप्रबन्धक अनूप सक्सेना ने बताया कि पिछले सप्ताह हरदा वितरण केन्द्र में बकाया राशि पर काटे गये कनेक्शनों की पुनः चेकिंग के दौरान उपभोक्ता ग्यारसराम नागराज शुक्ला कालोनी हरदा, शमीम अब्दुल अमीम मदीना कॉलोनी हरदा, सुरेशचन्द्र टांक अन्नापुरा हरदा द्वारा काटे गये विद्युत कनेक्शन को अवैध रूप से फिर से जोड़ना पाया गया इन सभी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही के लिये प्रकरण बनाये गये है, जोकि सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। उन्होने जिले के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने विद्युत बिलों की बकाया राशि का शीघ्रातिशीघ्र भुगतान कर कनेक्शन कटने एवं कानूनी कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें तथा बेहतर विद्युत सेवा में कम्पनी को सहयोग प्रदान करें।

जैविक खेती के बारे में जानकारी प्रदान की

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ




**रहटगांव।** ग्राम खमगांव, कासरनी, आमसागर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेने वालों की संख्या बडी, यात्रा को मिला व्यापक समर्थन विकसित भारत के निर्माण के प्रति नागरिकों के दृढ़ समर्पण को दर्शाता है। ग्राम पंचायत खमगांव को ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम पंचायत बनने की उपलब्धि पर उनके सराहनीय योगदान के लिए सहस्त्र प्रस्तुत प्रदान किया गया।

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी वीरेंद्र साहू द्वारा शासन की और से मिलने वाले ऑनलाइन ट्रैक्टर सीढ़ील मोटर पाइप की विस्तृत जानकारी समस्त ग्रामीण एवं कृषको को प्रदान की गई। वहीं लाभार्थी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथी जैविक खेती के बारे में भी संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। जिस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 80 व्यक्तियों का चेकअप किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर हर्ष पटेल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जगदीश गिननारे, सरपंच आनंद सिंह सागर, सुनील भिलाला गणेश पटेल, जनपद पंचायत टिमरनी से जनपद सीईओ चेतना पाटिल, सचिव दीपक यादव, रामभरोस डोंगरे, शिक्षक जमुना प्रसाद पाटील, रामकृष्ण चौहान, मुकेश राजगीरे, मुकेश महतो, एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा...

## हेलमेट और सीटबेल्ट लगाने पर मिला गुलाब




**खरगोन।** यातायात पुलिस व नेहरू युवा केंद्र ने शनिवार शहर में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को 12 बजे हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने वाले वाहन चालकों को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया। जगह जगह ट्रैफिक पॉइंट के चौराहे पर वाहन चालकों को रोककर सम्मानित किया। गायत्री मंदिर तिराहा पर अलग अलग दिशा से निकल रहे बाइकर्स गुलाब पाकर खुश नजर आए। इस दौरान यातायात थाना एसआई दीपेंद्र सिंह स्वर्णकार, नेहरू युवा केंद्र समन्वयक पूनम कुमारी सहित कई समाजसेवी मौजूद थे। लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने व सीटबेल्ट लगाने का संदेश दिया। गुरुवार को एडिशनल एसपी तरुणेन्द्र सिंह बघेल के नेतृत्व में हेलमेट, सीटबेल्ट लगाओ जागरूकता रैली निकाली थी।

## आयुष विभाग ने किसानों को प्रशिक्षित किया

**हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड एवं देवारण्य योजना के तहत शुक्रवार को आयुष विभाग हरदा द्वारा किसानों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी परिसर में आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने धनवंतरी पूजन एवं माल्यार्पण कर किया। डॉ. गौड़ा ने योजना के संबंध में किसानों से संवाद किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ. सर्वेश कुमार एवं डॉ ओ. पी. भारती द्वारा औषधीय पौधों की कृषि एवं उनके विक्रय के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किसानों द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए गए। प्रशिक्षण में आए किसानों के द्वारा नई उपलब्धियों के विषय में भी चर्चा की गई।

## स्वरोजगार मेले में 151 हितग्राहियों को 1.61 करोड़ के ऋण स्वीकृत



**हरदा।** पॉलेटेक्निक कॉलेज हरदा में जिला प्रशासन एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जिला स्तरीय दो दिवसीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यकम में हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यकम में विधायक डॉ. दोगने ने विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना के तहत उपस्थित हितग्राहियों को मंच से स्वीकृत एवं वितरण पत्र प्रदान किये। महाप्रबन्धक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सचिन रोमड़े ने बताया कि स्वरोजगार मेले में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं में कुल 151 हितग्राहियों को 1.61 करोड़ का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया गया, जिससे 179 को युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन ने जय जवान जय किसान का नारा देने वाले, सादगी का जीवन जीने वाले, सरल व्यक्तित्व के धनी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डाला। सदस्यों ने उनके चित्र फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर पूर्व डीएसपी आनंद तोमर डॉ जगदीश चौरे, ओम पिल्ले, राधेश्याम शाक्य, देवेंद्र जैन, गणेश भावसार,डॉ एम एम कुरैशी, चंद्रशेखर सोनी, राजेश पोरपंथ आदि मौजूद थे।

## झुमकी घाट पर केले से भरे ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल



**झिरन्या।** चित्तौड़गढ़ भुसावल राष्ट्रीय मार्ग के बहुचर्चित झुमकी ( हेलापड़ाव) घाट पर शुक्रवार को केले से भरे ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार एक युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई, जबकि पीछे बैठी बालिका घायल हो गई। जिसे शासकीय जिला अस्पताल खरगोन रेफर किया गया है। वहीं घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना शुक्रवार को दोपहर में घटित हुई, जब राजस्थान का उक्त ट्रक केले भरकर महाराष्ट्र की ओर से आ रहा था। जबकि युवक मोनू पिता गुरमुख कालानी सिकलीगर 19 वर्ष अपने गांव तितरानियां की ओर जा रहा था। इसी दौरान ड्राइवर ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया। जिससे युवक बुरी तरह कुचल गया और उसकी मृत्यु हो गई, जबकि उसके पीछे बाइक पर बैठी बालिका अमृता गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे खरगोन रेफर किया गया है। थाना प्रभारी गणपत सिंह कनेल ने बताया कि घटनाक्रम की जांच ए एसआई चंद्रकांत महाजन द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार



**हरदा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हरदा के उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन, जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति, एसडीएम केसी परते सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विद्यार्थीगण भी मौजूद थे। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी के माध्यम से किया गया।

## अतिक्रमण हटाने गई महिला सरपंच पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



एक तरफ सरकार महिला शसक्तीकरण का दावा कर रही है, वहीं आम महिला की बात तो दूर महिला जनप्रतिनिधि पर ही हमला हो जाए और मौके पर मौजूद पुलिस मूक दर्शक बनी रहे तो ऐसे में महिला शसक्तीकरण का क्या औचित्य रह जाएगा। ऐसा ही एक वाक्या जिले के टांडा बरूड गांव की महिला सरपंच रोशनी कुमरावत के साथ हुआ है। शुक्रवार शाम महिला सरपंच ग्रामीणों के एसपी ऑफिस पहुंची। उनकी आंख के पास खरोंच के निशान थे। महिला सरपंच एएसपी तुरुणेंद्र सिंह से मिली और अपने साथ मारपीट की घटना के बारे में बताया।

महिला सरपंच ने स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। एएसपी तरुणेंद्र सिंह को शाम 7 बजे सरपंच रोशनी कुमरावत ने कहा कि दोपहर के समय पंचायत अमले और पुलिस के साथ गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचे थी। इस दौरान सुभाष रामचंद्र कुमरावत, लोकेश, अंतिम द्वारा सार्वजनिक गली में गेट लगाकर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के दौरान हाथ, मुक्के से मारपीट शुरू कर दी। सुभाष ने कहा कि अभी तलवार लेकर आता हूं, काट डालेंगे। इसी दौरान वहां मौजूद कैलाश कुमरावत, सत्यनारायण, ताराचंद आदि ने बीच बचाव किया। सरपंच ने आरोप लगाया कि इस विवाद के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन वह मुकदर्शक बने रहे। रिपोर्ट भी नहीं लिखी।

सरपंच रोशनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गांव में सुभाष पिता रामचंद्र नाम के व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। ग्राम पंचायत की ओर से मैं सरपंच होने के नाते तुड़वाने के लिए पंचायत की टीम के साथ पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने मेरे साथ मारपीट की। महिला सरपंच ने आरोप लगाया कि जब आरोपी मुझसे मारपीट कर रहे थे उस समय टीआई, पुलिस के जवान और महिला पुलिसकर्मी खड़े-खड़े देखते रहे। उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। मैं मांग करती हूं कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में खरगोन एएसपी तरुणेंद्र सिंह का कहना है कि महिला सरपंच की शिकायत पर मेडिकल कराने के साथ ही एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुलिस द्वारा जो भी अनियमितता की गई, उसे भी देखेंगे।

संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

## सरकार की योजनाओं से करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जिले के ग्राम खमलाय पहुँची।

ग्राम खमलाय में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होने कहा कि नागरिकों को पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाने और सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई है। यह यात्रा आगामी 26 जनवरी तक लगातार जारी रहेगी। उन्होने कहा कि सरकार की योजनाओं से देश के करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरी है। आवासहीनों को मकान मिले हैं तथा गरीब परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन की सौगात भी मिली है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की मदद से देश के करोड़ों युवा स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बने है। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्राम खमगांव, कासरनी, आमसागर, खमलाय, काल्याखेड़ी व बड़नगर पहुँची। संकल्प यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा आयोजित की। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ बालक प्रतियोगिता आयोजित की गई। यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष खेतों में ड्रोन के माध्यम से नेनो यूरिया छिड़काव के संबंध में प्रदर्शन कर बताया गया और किसानों को मिट्टी परीक्षण से संबंधी सोइल हेल्थ कार्ड प्रदान किये गये। कार्यक्रम में ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से प्राप्त केलेण्डर वितरित किये गये। यात्रा के साथ चल रहे प्रचार वाहन का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया तथा वाहन में लगे एलईडी टीवी पर विकास कार्यों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। शिविरों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गये। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर गांव के मरीजों को दवाईयां दी गई।

